Chapter Hindi - 2019-20

# Higher Education in India: Retrospect and Prospect


**Editors**

Dr. Suchitra A. Naik

Dr. Jayshree Singh

Dr. Prashant P. Dharmadhikari



Certified as TRUE COPY

Principal

Ramniranjan Jhunjhunwala College, Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

K.G. JOSHI COLLEGE OF ARTS ★ N.G. BEDEKAR COLLEGE OF COMMERCE ★ ESTD. 1969



Himalaya Publishing House

ISO 9001:2015 CERTIFIED

© No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording and/or otherwise without the prior written permission of the authors and the publisher.

**ISBN:** 978-93-89951-65-3

**Edition :** March 2020

Information contained in this work has been received from respective research scholars/paper author/s. For information published herein, *VPM's Joshi-Bedekar College and Himalaya Publishing House Pvt. Ltd. are not responsible. Authors are solely responsible* for any damages arising out of use of this published information work.

**Printed and Published by:**

Mrs. Meena Pandey
**HIMALAYA PUBLISHING HOUSE PVT. LTD.,**
"Ramdoot", Dr. Bhalerao Marg, Girgaon,
Mumbai - 400 004. Phones: 23860170 & 23863863, Fax: 022-23877178
**E-mail:** himpub@bharatmail.co.in, **Website:** www.himpub.com

**For:**

**Vidya Prasarak Mandal's**
**K.G. JOSHI COLLEGE OF ARTS &**
**N.G. BEDEKAR COLLEGE OF COMMERCE**
Re-accredited with 'A' Grade by NAAC in third cycle
"Best College Award" by University of Mumbai (2011-12)
Community College (University of Mumbai)
ISO 9001:2015
'Jnandweep' Chendani Bunder Road, Thane (W) 400601.
E-mail Id: joshibedekar@gmail.com/vpm_joshibedekar_office@yahoo.co.in

**Printed at:** Trinity Academy, Mumbai. On behalf of HPH.

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

# PREFACE

In the changing parlance, the idea of education is undergoing a constant flux. The traditional wisdom says that '*Sa Vidya Ya Vimuktaye*', that is, 'It is wisdom that liberates'. Education is a medium for lifelong learning of an array of attributes to be imbibed by learners. However, education is incomplete without due exposure to the exploration of culture, character-building and other related dimensions of personality. Swami Vivekananda opined that, "Education is not the amount of information that we put into your brain and it runs riot there, undigested, all your life. We must have life building, man making and character making assimilation of ideas".

Yuval Noah Harari, a noted Historian, advises us that to stay relevant, we will need the ability to 'constantly learn and to reinvent yourself'. The philosophers across the globe have advised us the dictum 'know thyself'. If we know what we want in life, technology can help getting it. But if we don't know about the purpose of our life, it will be all too easy for technology to shape our aims for us and take control of our life.

At the advent of National Policy on Education (NPE) 2019, the system is expecting complete rejuvenation and reconstruction of education. NEP 2019 focuses on the five pillars of education: access, equity, quality, accountability and affordability. It ensures quality education in India for a span of 20 years starting from 2020 to 2040.

NPE 2019 aims to consolidate 800 universities and 40,000 colleges into around 15,000 large, multidisciplinary institutions. The policy proposes three types of higher educational institutions (HEIs): Research Universities, Teaching Universities and Autonomous Degree Granting Colleges. It aims to provide autonomy to all higher education institutions. Higher education institutions to be governed by independent boards with complete academic and administrative autonomy. An autonomous body called the National Research Foundation (NRF) is to be set up through an Act of Parliament.

Keeping this in mind, Principal Dr. Suchitra A. Naik proposed the idea of a peer reviewed monograph on higher education to commemorate the Golden Jubilee Celebration (1969-2019) of our college that we are celebrating this year. Her dynamic leadership and critical acumen conceptualised this academic endeavour of churning about higher education in India. It is for the first time that we are putting forth our ideas in the form of a monograph. This book is an expression of teachers, researchers and academicians who are committed to the students and teaching-learning process.

We are extremely happy to present a plethora of vibrant ideas in the form of twenty erudite articles and research papers on the theme – **Higher Education in India: Retrospect and Prospect.** The present volume is an attempt to consider the relevant issues taking shape in contemporary higher education ecosystem of India. This monograph consists of six research articles and fourteen research papers.

The article 'Education in Ancient India' by Dr. Vijay V. Bedekar is modified from the inaugural speech delivered by him in the Seminar on 'Education in Ancient India' on Saturday, 29th April, 1995 at Thane. It draws attention to a very crucial turning point in the history of this land, when the system of education was transplanted from its traditional moorings to Western concepts from indigenous to alien, from vernacular to English and from creativity to soul killing formality. The article throws light on the educational perspective of ancient India

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

and juxtaposes the effects of Macaulay's education system introduced by British East India Company.

The article 'The Seven Steps to Excellence' by Dr. Shirish Chindhade is a rich testimony of his experience as a NAAC Assessor (Peer Team Member and Coordinator) in India. By referring to the sacred seven steps (*saptapadi*), taken in Hindu marriage code to solemnise the relation, the article suggests the magical seven steps to achieve excellence in higher education as interdisciplinarity, choice based credit system (CBCS), addressing resource crunch, quality faculty, quality research, patents, citation, equity and inclusiveness autonomous status.

Dr. A.B. Dhopeshwarkar's article 'Higher Education: Opportunities and Challenges' attempts to draw attention to the various problems faced by higher education as well as the various opportunities available to the institutions of higher education in the light of National Policy of Education 2016. It categorically enumerates the features of various education policies with appropriate proofs. The transformation of society through education is the theme running through the article. The article stresses the fact that educationists will have to think more seriously of the entanglement of the artificial intelligence as well as the 'man-made' memory and the natural memory. The new kind of unsocialisation brought about by communications technology needs to be recognised as a natural phenomenon.

The article entitled 'Amalgamation of Research in Higher Education: Some Thoughts' written by Dr. Sudhakar Agarkar aptly discusses four aspects in order to encourage amalgamation of research with teaching as enhancing institutional capacity, training of teachers, setting up a research culture, encouragement to presentation and publications.

Dr. Prashant P. Dharmadhikari's article 'A Report of Educational Odyssey to Oxford, Cambridge and London: Some Observations' is an attempt to gauge the implications of the educational tour in the transformation of the perspectives and outlook of the students, teachers and parents. The pedagogical implications of the tour are analysed in detail.

The article 'The 'Flip' side of Classroom Learning' by Rishikesh K.B. and Sharon Lewis talks about the concept of a flipped classroom (FC) that enables students to take greater ownership of the knowledge they absorb and accordingly pace themselves.

Principal Dr. Suchitra A. Naik's paper 'Prioritising Philosophy of Education in India' explores the function of philosophy of education in contemporary society. It argues that modern theories of education, which were primarily shaped by the analytic spirit, need to be supplemented by a normative approach. In the light of post-modern critical thinking, it is necessary to go beyond managerialism in order to develop a deeper conversation in education. Only then it would be capable of addressing the moral and ethical dimensions of 'human making'.

The paper 'Quantity vs. Quality Trade-off in Higher Education: Challenges and Consequences in India' by Aparna Kulkarni tries to compare the status of Indian and foreign universities with respect to quantity and quality of higher education. It introduces the idea of 'quantity and quality trade-off' that is faced by Indian universities. The growing attraction of foreign universities amongst the Indian students is due to the quality concern that is jeopardised by Indian universities in the game of maintaining quantity.

The paper 'Challenges and Opportunities in Higher Education in India: A Perspective' by Dr. Pramod T. Kharate examines the various challenges the Indian higher education system is facing and discusses the opportunities in its present scenario. The paper argues that education is

Certified as
TRUE COPY
Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

an important tool for transformation, growth and prosperity of any nation and strengthens the democracy and guarantees progress in all the fields.

Dr. Manoj Patharkar's paper 'Language and Literature in Higher Education' proposes that literature has an important role to play in higher education. It proposes that the whole project of modernity was to refine the 'human', a process that requires a 'culture of ideas'. The paper argues the necessity of recognising the pivotal role played by humanities to imagine possibilities latent in any organisation, to plan future course, to connect with each other and to make ethical choices.

The paper 'Rejuvenating the Youth through Swami Vivekananda's Value Education' by Dr. Indrani Roy is an attempt to delve into the value based educational philosophy of Swami Vivekananda. The paper is also an effort to highlight Swamiji's ideas on value education and his suggestions to prevent moral degradation of youth through value education.

In the article titled 'सा विद्या या विमुक्तये', Dr. Shyamsunder Pandey briefs about traditional idea of liberation through education and then discusses current issues and problems associated with prevailing education system in India. It discusses the objective of education to shape overall personality of a human being. It also stresses the need of ethics in education.

In the research paper titled 'मूल्य शिक्षण: आवश्यकता और चुनौतियाँ' by Dr. Mithilesh Sharma deals with meaning and importance of value education in one's life. Further, he explains how with changing time there is rapid fall in values. Recent education system is getting deprived of value education, and thus the need for reviewing current system of education. She also talks about the challenges involved in implementation of value education.

The research paper titled 'उच्च शिक्षण संस्थानों की चुनौतियाँ: गुणवत्ता, मान्यता, स्वायत्तता और श्रेयांक' by Dr. Jayshree Singh begins with the issue of maintaining quality in education in general and higher educational institutions in particular. The paper studies multidimensional challenges in maintaining quality in Higher Educational Institutions (HEIs) with respect to learners and accreditation given by UGC under seven criteria of evaluation. Further, the paper deals with new challenges in maintaining quality in the era of autonomous status granted to HEIs.

The paper 'Privatisation of Higher Education in India: A Critical Analysis' by Dr. Sangita S. Mohanty envisages the tendencies of privatisation in higher education sector, and also proposes to monitor and govern these institutions for quality education.

Dr. Rashmi Agnihotri's paper 'E-Initiatives for Enhanced Governance in Higher Education: A Study of Stakeholders' Perspective' tries to study the areas of education processes which can be strengthened to improve e-governance in education sector. It also tries to understand the various benefits of taking such initiatives along with the challenges which come across while implementing it.

The paper 'Understanding the Growth Pattern of Educational Institutions in Thane: Impact on Enrolment of Students and Employment of Teachers' by Dr. Sagar Thakkar is an attempt to understand the growth pattern of educational institutions in rapidly developing Thane and its impact on enrollment of students as well as employment of teachers.

The paper 'Imparting Quality Higher Education Facilities – A Solution for Brain Drain Issue" by Shubhangi A. Rajguru attempts the study of brain drain and the possible solutions to it.

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

The paper 'Digitizing Education – The Khan Academy Way' by Archana Nair and Jharna Tolani attempts to decipher the Khan Academy Model and understand the current scenario of digital education in India.

'A Study on Impact of Commercialisation of Education with respect to Students of Ulhasnagar City' by Dr. Vinod S. Chandwani has tried to find out the impact of commercialisation of education in India in general and Ulhasnagar (District Thane) in particular.

The editors are grateful to Dr. Vijay V. Bedekar, Chairman,Vidya Prasarak Mandal, Thane for his incessant support in achieving greater heights in higher education. We are grateful to Himalaya Publishing House for their support. The thanks are also due to the contributors of this compendium of stimulating ideas which may be a sincere contribution to understand the parlance of higher education in India. We thank Prof. Subhash Shinde, Prof. Priyamvada Tokekar and Prof. Narayan Barse for their valuable insights into this task. We are thankful to Dr. Sushma Paudwal for reviewing the articles in the monograph. We are grateful for the contribution of Dr. Suja Roy Abraham, Dr. Manoj Patharkar, Prof. Ruchita Patil, Prof. Archana Nair and Prof. Anjali Purandare. We are grateful to the supporting staff who helped us in this academic endeavour.

We are happy to initiate and present this very first monograph in the interest of larger society. This would be a continuous activity to publish a monograph every year. As a responsible teaching fraternity, we are committed to making higher education practically more significant and liberal. This monograph is a modest step in this direction.

**Editors**

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

# CONTENTS


| *Sr. No.* | *Title Name* | *Page No.* |
|---|---|---|
| 1 | **Education in Ancient India**<br>*Dr. Vijay V. Bedekar* | 1 – 9 |
| 2 | **The Seven Steps to Excellence**<br>*Dr. Shirish Chindhade* | 10 – 13 |
| 3 | **Higher Education: Opportunities and Challenges**<br>*Dr. A.B. Dhopeshwarkar* | 14 – 20 |
| 4 | **Amalgamation of Research in Higher Education: Some Thoughts**<br>*Dr. Sudhakar Agarkar* | 21 – 24 |
| 5 | **A Report of Educational Odyssey to Oxford, Cambridge and London: Some Observations**<br>*Dr. Prashant P. Dharmadhikari* | 25 – 30 |
| 6 | **The 'Flip' Side of Classroom Learning**<br>*Rishikesh K.B. and Sharon Lewis* | 31 – 33 |
| 7 | **Prioritising Philosophy of Education in Higher Education in India**<br>*Dr. (Mrs.) Suchitra A. Naik* | 34 – 40 |
| 8 | **Quantity vs. Quality Trade-off in Higher Education: Challenges and Consequences in India**<br>*Aparna Kulkarni* | 41 – 45 |
| 9 | **Challenges and Opportunities in Higher Education in India: A Perspective**<br>*Dr. Pramod T. Kharate* | 46 – 51 |
| 10 | **Language and Literature in Higher Education**<br>*Dr. Manoj Patharkar* | 52 – 56 |
| 11 | **Rejuvenating the Youth through Swami Vivekananda's Value Education**<br>*Dr. Indrani Roy* | 57 – 61 |
| 12 | सा विद्या या विमुक्तये<br>*डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय* | 62 – 67 |
| 13 | मूल्य शिक्षण : आवश्यकता और चुनौतियाँ<br>*डॉ. मिथिलेश शर्मा* | 68 – 74 |
| 14 | उच्च शिक्षण संस्थानों की चुनौतियाँ: गुणवत्ता, मान्यता, स्वायत्तता और श्रेयांक<br>*डॉ. जयश्री सिंह* | 75 – 81 |



Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

| | | |
|---|---|---|
| 15 | **Privatisation of Higher Education in India: A Critical Analysis**<br>*Dr. Sangita S. Mohanty* | 82 – 89 |
| 16 | **E-Initiatives for Enhanced Governance in Higher Education: A Study of Stakeholders' Perspective**<br>*Dr. Rashmi Agnihotri* | 90 – 100 |
| 17 | **Understanding the Growth Pattern of Educational Institutions in Thane: Impact on Enrolment of Students and Employment of Teachers**<br>*Dr. Sagar Thakkar* | 101 – 111 |
| 18 | **Imparting Quality Higher Education Facilities – A Solution for Brain Drain Issue**<br>*Shubhangi A. Rajguru* | 112 – 115 |
| 19 | **Digitisation of Education – The Khan Academy Way**<br>*Archana Nair and Jharna Tolani* | 116 – 120 |
| 20 | **A Study on Impact of Commercialisation of Education w.r.t. Students of Ulhasnagar [illegible]**<br>*Dr. Vinod S. C[illegible]* | 121 – 125 |


Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

# 13 मूल्य शिक्षण : आवश्यकता और चुनौतियाँ

डॉ. मिथिलेश शर्मा*


## सारांश

नैतिकता के बिना इंसान पशु तुल्य है जिस प्रकार जंगल में सिर्फ ताकतवर का शासन चलता है ठीक उसी प्रकार यदि नैतिकता मानव हृदय से समाप्त हो जाए तो इस मानव सभ्यता का भी विनाश हो जाएगा। हमारे पूर्वजों ने किसी समय धर्म को इसलिए भी मुख्य माना ताकि मानवता जिंदा रह सके, किंतु वर्तमान समय में धर्म के मुख्य उद्देश्य में विकार आता जा रहा है और इस व्यापार को निरंतर बढ़ाने के उद्देश्य से जो कुछ किया जा रहा है उससे धार्मिक कट्टरतापन पनपता जा रहा है तथा भूमंडलीकरण के कारण आज हम पाश्चात्य सभ्यता व पाश्चात्य जीवन शैली के गुलाम होते जा रहे हैं, इसी पाश्चात्य जीवन शैली व पाश्चात्य कार्य शैली का ही परिणाम है कि मानवीय मूल्यों में लगातार विघटन आता जा रहा है फलतः प्रेम, सद्भाव, आपसी भाईचारे, ईमानदारी, सर्वधर्म समभाव पर आधारित इस भारतीय सभ्यता में लगातार नफरत बढ़ती जा रही है ऐसे कठिन दौर में यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों में व आनेवाली पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का संचार करें और यह कार्य शिक्षाप्रणाली के माध्यम से बखूबी पूरा किया जा सकता है।


**विचारणीय बिंदु:** मूल्यशिक्षा, आवश्यकता, उपयोगिता, महत्त्व, चुनौतियाँ, सुझाव।

मनुष्य जैविक प्राणी से सामाजिक प्राणी बनता है यह बदलाव उसमें समाजीकरण व शिक्षा की प्रक्रिया द्वारा होता है। बृहत प्रामाणिक हिंदी कोश के अनुसार शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा के 'शिक्ष' धातु से बना है, जिसका अर्थ है सीखना या सिखाना। ऑक्सफोर्ड शब्दकोष के अनुसार – 'शिक्षा' शब्द का अंग्रेजी समानार्थक शब्द 'Education' है जो लैटिन भाषा के 'Educatum' शब्द से बना है तथा 'Educatum' शब्द स्वयं लैटिन भाषा के 'E' तथा 'Duco' शब्दों से मिलकर बना है। 'E' शब्द का अर्थ है 'अंदर से' और 'Duco' शब्द का अर्थ है 'आगे बढ़ना' अतः 'Education' का शाब्दिक अर्थ 'अंदर से आगे बढ़ना' है। किंतु लैटिन भाषा के 'Educare' तथा 'Educere' शब्दों को भी 'Education' शब्द के मूल के रूप में स्वीकार किया जाता है अत: यह कहा जा सकता है कि 'शिक्षा' शब्द का प्रयोग व्यक्ति की आंतरिक शक्तियों को विकसित करने के अर्थ में किया जाता है।

शिक्षा – विकिपीडिया में कई विद्वानों ने शिक्षा को अपने-अपने शब्दों से परिभाषित किया है–

फ्रॉबेल के अनुसार – "शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक बालक अपनी शक्तियों का विकास करता है।"

स्वामी विवेकानंद के अनुसार – "मनुष्य में अंतर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है।"

* सहायक प्राध्यापक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष, रामनिरंजन झुनझुनवाला महाविद्यालय, घाटकोपर, पश्चिम, मुंबई.
Email : smithilesh68@gmail.com

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

महात्मा गांधी के अनुसार – "शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक या मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क या आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्तम विकास से है।"

अरस्तु के अनुसार – "स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करना ही शिक्षा है।"

हरबर्ट स्पेंसर के अनुसार – "शिक्षा से तात्पर्य है अंतर्निहित शक्तियों तथा बाह्य जगत के मध्य समन्वय स्थापित करना है।"

सामाजिक संरचना को बनाए रखने में मूल्यों का स्थान सर्वोपरि है मूल्य वास्तव में अर्थ से संबद्ध पारिभाषिक शब्द है। अर्थशास्त्र में इसका अर्थ होता है – 'विनिमय क्षमता'।

डॉ. नगेंद्र के अनुसार – "मानदंड और मूल्य आदि शब्द मूलतः साहित्य के शब्द नहीं हैं। पाश्चात्य आलोचना शास्त्र में भी इसका समावेश अर्थशास्त्र अथवा वाणिज्यशास्त्र में किया गया है।" हिंदी में प्रयुक्त 'मूल्य' शब्द संस्कृत के 'मूल' धातु के साथ 'यत' प्रत्यय जोड़कर बना है, जिसका अर्थ है कीमत, मजदूरी आदि। हिंदी में मूल्य का प्रयोग अंग्रेजी के 'वैल्यू' शब्द के अर्थ में हुआ है। यह 'वैल्यू' शब्द लैटिन भाषा के 'वैलियर' शब्द से बना है जिसका अर्थ है 'अच्छा', 'सुंदर' इसका मतलब इच्छा से है।

आर.के. मुखर्जी के अनुसार – "जो कुछ भी इच्छित है, वांछित है, वही मूल्य है।" इन परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि मूल्य एक धारणा या अनुभव है जो मानव से जुड़ा है। मानव जीवन से जोड़कर डॉ. विमल कुमार ने मूल्य शब्द को परिभाषित किया है – "मानविकि के संदर्भ में मूल्य का अर्थ है जीवन दृष्टि या स्थापित वैचारिक इकाई, जिसे हम सक्रिय भी कह सकते हैं।"

मूल्य वह साधन है जिसके द्वारा व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं एवं इच्छाओं का संप्रेषण करता है। इसका संबंध हर्ष, विषाद, नैतिकता, आचार, व्यवहार, लक्ष्य, विश्वास आदि तत्वों से है जो जीवन और परिवेश से संबंधित है। अतः "व्यक्ति के मूल्य पूर्णतः परिवेशगत गुणों पर आश्रित है। उनका चुनाव भी परिवेशानुसार ही संभव है।"

मूल्य हमारे आचरण के नियामक तत्व हैं जो संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक भी है। इसका मूल उद्देश्य सामाजिक विकास तथा व्यक्ति की उन्नति है। इसलिए संस्कृत से जोड़कर मूल्य की आलोचना करनी है। इस संदर्भ में दिनकर जी का कथन है – "मूल्य आचरण के सिद्धांतों को कहते हैं। मूल्य वे मान्यताएँ हैं जिन्हें मार्गदर्शक ज्योति मान कर चलते हैं। सभ्यता चलती रही है और जिनकी उपेक्षा करने वालों को परंपरा और अनैतिक, उच्छृंखल या बागी कहते हैं।" इन विचारों से यह स्पष्ट होता है कि मूल्य वह अवधारणा है जो मानव को पशुता से दूर लाकर उसे उन्नति की ओर अग्रसर करती है। वास्तव में यही मूल्य मानव जीवन की आधार शिला है, समाज और संस्कृति के निर्माण इन्हीं के द्वारा ही संभव है। परिस्थिति के अनुरूप मूल्यों में परिवर्तन तो आता है लेकिन समाज कल्याण का भाव उसमें शामिल रहेगा।

मेरे छात्र जीवन में सभी विषयों की कक्षाओं के साथ एक अनिवार्य कक्षा नैतिक शिक्षा का हुआ करती थी, तब मन में अक्सर एक प्रश्न उठता था कि भाईचारा, सदाचार, प्रेम, सद्भावना, ईमानदारी, सर्व धर्म समभाव, देशभक्ति, नागरिक के मूलभूत अधिकार तथा जाति-पाति जैसे नाना प्रकार के मूल्यों को पढ़ कर क्या हासिल होगा? गहनता से अध्ययन करने पर पता चला कि वर्तमान में उपजी सारी समस्याएं आपसी सद्भाव, भाईचारा, ईमानदारी, भ्रष्ट आचरण, इंसान की इंसान से दूरी, धार्मिक कट्टरता जाति-पाति इत्यादि ऐसे अनगिनत समस्याओं के केंद्र में यही नैतिक शिक्षा विद्यमान है। नैतिकता के बिना इंसान पशुतुल्य है जिस प्रकार जंगल में सिर्फ ताकतवर का शासन चलता है ठीक उसी प्रकार यदि यह नैतिकता मानव हृदय से समाप्त हो जाए तो इस मानव सभ्यता का भी

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

विनाश हो जाएगा। हमारे पूर्वजों ने किसी समय धर्म को भी मुख्य इसलिए माना ताकि मानवता जिंदा रह सके किंतु वर्तमान समय में धर्म के मुख्य उद्देश्य में विकार आता जा रहा है और इस व्यापार को निरंतर बढ़ाने के उद्देश्य से जो कुछ किया जा रहा है उससे धार्मिक कट्टरता पनपती जा रही है तथा भूमंडलीकरण के कारण आज हम पाश्चात्य सभ्यता व पाश्चात्य जीवनशैली के गुलाम होते जा रहे हैं, इसी पाश्चात्य जीवनशैली व पाश्चात्य कार्यशैली का ही परिणाम है कि मानवीय मूल्यों में लगातार विघटन आता जा रहा है फलतः प्रेम, सद्भाव, आपसी भाईचारे, ईमानदारी, सर्व धर्म समभाव पर आधारित इस भारतीय सभ्यता में लगातार नफरत बढ़ती जा रही है ऐसे कठिन दौर में यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों में व आने वाली पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का संचार करें। और यह कार्य शिक्षा प्रणाली के माध्यम से बखूबी पूरा किया जा सकता है।

अट्ठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तथा उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में कुछ पश्चिमी देशों के तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में काफी बड़ा बदलाव आया परिणामतः वस्त्र उद्योग तथा मशीनीकरण के साथ औद्योगिक क्रांति का सूत्रपात हुआ। मिलों को चलाने के लिए कच्चे माल की आवश्यकता महसूस हुई, उसे अमेरिका तथा एशियाई देशों से प्राप्त करने के उद्देश्य से उपनिवेशों की स्थापना की गई, नई व्यापारिक संस्थाओं, बैंकों और कमीशन एजेंटों का प्रादुर्भाव हुआ। व्यापारिक पूंजी, साहस तथा अनुभव को एक नया क्षेत्र मिला। व्यापार विश्वव्यापी होने लगा और दुनिया के विभिन्न हिस्से एक दूसरे से संबद्ध होने लगे। उत्पादन की नई विधियों और पैमानों का जन्म हुआ, यातायात के नए साधनों द्वारा विश्वव्यापी बाजार का जन्म हुआ। इस विश्वव्यापी उद्योग-बाजार के गुणात्मक विकास के लिए परंपरागत शिक्षा व्यवस्था में जरूरी बदलाव आवश्यक हो गया। परंपरागत शिक्षा के स्थान पर व्यवसायिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया परिणामतः रोजगार के अवसर की तलाश में भटक रहे युवा बड़े पैमाने पर इन व्यवसायी कोर्सेस में दाखिला लेने लगे।

व्यवसायी शिक्षा के अस्तित्व में आने से शिक्षा व्यवस्था व्यवसाय में एक क्रांति-सी आ गई जिसके कारण परंपरागत कोर्सेस की लोकप्रियता तथा उसके पढ़ने वालों की संख्या में उत्तरोत्तर कमी आती गई, इस शिक्षा के अस्तित्व को बचाने के तथा इसके द्वारा भी रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसमें भी रोजगारोन्मुख तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा को पाठ्यक्रम में जोड़ा जाने लगा। इन सारी घटनाओं का परिणाम यह हुआ कि शिक्षा व्यवस्था से मूल्य गायब हो गए और हमें इसका आभास भी न हुआ।

मूल्य शिक्षा के अभ्यासक्रम से लुप्त होने के कारण समाज में नाना प्रकार की विकृतियाँ नजर आने लगी। मानव हृदय से अध्यात्म और आचरण के समाप्त होने के कारण समाज में भ्रष्टाचार, अमानवीयता, अराजकता, हिंसा, असहिष्णुता, अनैतिकता बढ़ने लगी। जिससे समाज में भय और स्वार्थ, सांप्रदायिक हिंसा, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, वर्ग संघर्ष जैसी सामाजिक-धार्मिक विकृतियाँ दिखाई देने लगी।

व्यवसायी कोर्सेस पढ़ने के कारण बाजारवादी संस्कृति का मानव स्वार्थी हो गया। वह समाज के हित में न सोच कर अपने नफे-नुकसान को ज्यादा अहमियत देने लगा, मशीन से चलने वाले इस समाज का आधुनिक मानव का हृदय मशीन की भांति ही जड़ हो गया। सामाजिक असंतुलन का प्रमुख कारण बाजारवादी संस्कृति के कारण, निरंतर नैतिक मूल्यों का ऱ्हास होना है। इसलिए मानव सभ्यता तथा मानव समाज को बचाने के लिए सभी सामाजिक दुर्गुणों के उन्मूलन के लिए नैतिक शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। जीवन के समस्त गुणों, समृद्धियों और वैभवों की आधारशिला नैतिक मूल्य हैं। नैतिक मूल्य मनुष्य के आधारस्तंभ है जो मानवता को जीवित रखते हैं,

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

सही मायने में मानव जीवन ही नैतिक जीवन है। नैतिक शब्द नीति से बना है अर्थात व्यवस्था द्वारा तय किए गए नियम से बंधकर चलना, उचित आचार-व्यवहार करना। सरल शब्दों में कहा जाए तो मानव में उचित-अनुचित की सही समझ के विवेक का विकसित होना ही नैतिकता कहलाता है, जो मानव में पूर्णता लाता है। नैतिक मूल्य को सामाजिक नैतिक मूल्य भी कहते हैं, जिसमें आज्ञा पालन, सत्य-असत्य का ज्ञान, ईमानदारी, दया, सत्यवादिता, भक्ति, निष्पक्षता, आत्म-नियंत्रण, भाईचारा, प्रेम, सद्भावना, मानवता, सर्वधर्म समभाव, अहिंसा, अस्तेय इत्यादि मूल्य प्रमुख हैं। अतः हमें अपनी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में मूल्य शिक्षा को शामिल करना अनिवार्य हो गया है। पर, उससे भी पूर्व प्रत्येक माता-पिता को उन कारणों की ओर भी ध्यान देना होगा जिसके फलस्वरूप मूल्य विघटित हुए हैं। परिवार मानवीय मूल्यों का मुख्य आधार है यहीं से मूल्य पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होते हैं। परिवार समाज की सबसे महत्वपूर्ण और न्यूनतम इकाई है इसका जीवन में बहुत अधिक महत्व है। भारत में परिवार की अपनी सुदृढ़ व्यवस्था है पर समय के साथ इस में भी बदलाव आया है। यह सच है कि भारतीय परिवार भी पाश्चात्य सभ्यता से अधिक प्रभावित हुए हैं जिसके कारण भारतीय परिवार में सामाजिक परिवर्तन की गति तेज रफ्तार से हुई है। उदाहरण स्वरुप आज की शिक्षा पद्धति हमें सीधे रोजगार से जोड़ती है फिर बेटा और बेटी में बिना भेदभाव के आत्मनिर्भर बनने के भाव को जगाती है। लड़कों को तो पहले भी शिक्षित किया जाता था पर अब मां-बाप लड़कियों की शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक हो गए हैं ताकि जरूरत पड़ने पर वह स्वाभिमान के साथ अपना निर्वाह कर सकें। पर, अब तक माता पिता अपनी बेटियों को संस्कार भी देते थे। उन्हें घर के काम, बड़ों का सम्मान, परिवार में साथ रहने की भावना आदि को उनके संस्कारों में भर देते थे। समय के करवट लेते ही घरेलू ज्ञान लुप्त हो गया और आजीविका हेतु शिक्षा महत्वपूर्ण बन गई। अब लड़कियों की सोच में भी एक बड़ा परिवर्तन आया। उनके लिए विवाह एक पवित्र बंधन ना होकर मात्र एक 'रस्म' बन गया जिसे बनाए रखना सिर्फ उनके लिए ही जरूरी नहीं रहा।

यहां तक पहुंचते-पहुंचते शिक्षा रोजगारोन्मुख तो बन गई पर परिवार रिश्ते सभी औपचारिक बन गए जिनमें स्वार्थ की गंध आने लगी। परिवर्तन जरूरी था वरन समाज से अंधविश्वास व अन्य कुरीतियां कैसे दूर की जाती? आवश्यकता, सकारात्मक सोच की थी, जो समय के साथ, समाज से गायब हो चुकी थी। यह सच है कि शिक्षा ने लोगों की सोच बदली है किंतु संस्कृति के दृष्टिकोण से देखें तो सामाजिक मूल्यों का विघटन हुआ है और इस विघटन से समाज का कोई भी मनुष्य अछूता नहीं रहा।

हमारी परंपरा में पहले संयुक्त परिवारों का प्रचलन था सब मिलजुलकर दुखो का सामना करते थे और सुखों के पलों को भी भोगते थे। पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली के प्रभावानुकूल एकल परिवार में लोग रहने लगे जहां न दादा दादी, न नाना नानी, न चाचा चाची न बुआ सारे रिश्ते जैसे छूमंतर हो गए। दादा दादी की कहानियाँ बच्चों में पारिवारिक मूल्यों के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देती थी। बच्चों की प्राथमिक पाठशाला तो उसका घर होता है जहां वे उठना बैठना, खाना-पीना, बात करना सीखते हैं।

समानता, सदभावना, प्रेम, त्याग आदि का पहला पाठ परिवार से ही सीखा जाता है। किन्तु, वर्तमान में माता-पिता दोनों नौकरी करते हैं। वह बच्चों को महंगे से महंगे खिलौने लाकर दे सकते हैं पर उनके पास समय का अभाव है जिसके चलते बच्चों को नैतिक संस्कार नहीं दे पाते।

बाल मनोवैज्ञानिकों का भी ऐसा कहना है कि बचपन में ही माता-पिता को अपने बच्चों के साथ अधिक समय गुजारना चाहिए ताकि उनमें सही मूल्यों का निर्माण कर सकें। लुभावनी वस्तुएं देकर

Certified as
TRUE COPY
Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

आप अपने बच्चों को कुछ समय की खुशी दे सकते हो पर एक अच्छा नागरिक नहीं बना सकते। ग्यारह वर्ष की अवस्था तक ही बाल मन में अच्छाई के बीज बोए जा सकते हैं जिनका प्रभाव जीवन भर पड़ता है। बड़े होने पर बच्चे अपने भविष्य को लेकर इतने व्यस्त हो जाते हैं कि पारिवारिक सामाजिक व नैतिक मूल्यों को समझने का उनके पास समय ही नहीं होता।

आज हम सभी भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं। पिछले कुछ दशकों में भारत में भ्रष्टाचार बहुत तेजी से बढ़ा है, एक के बाद एक घोटालों से आवाम का लाखों-करोड़ रुपया नेताओं ने हजम कर लिया है, जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था पर तथा महंगाई के द्वारा जनता पर पड़ा है। भ्रष्टाचार अर्थात आचरण का भ्रष्ट हो जाना। भ्रष्टाचार की जब बात की जाती है तो हम सभी इसके दुष्प्रभाव पर बड़े-बड़े व्याख्यान दे देते हैं, किंतु आचरण के भ्रष्ट हो जाने पर क्या हम कभी गहराई से आत्म-मंथन करते हैं? असल में भ्रष्ट आचरण आनुवांशिक होता है, जो हमें परंपरागत रूप से अपने पूर्वजों से हासिल होता है। हमारे भ्रष्ट आचरण का स्वरूप हमारे पूर्वजों के भ्रष्ट आचरण पर निर्भर करता है बल्कि उसमें गुणात्मक विकसित रूप ही परिलक्षित होता है। यही कारण है कि किसी भी कार्य को करने या किसी वस्तु को हासिल करने में हम गलत रास्ते के प्रयोग से हिचकिचाते नहीं हैं। परंपरा से हमारी सोच में जो चीज भरी जाती है वह गलत होते हुए भी सही लगने लगती है तथा इसका दूसरा पहलू यह है कि हमारा आचरण हमारे स्वार्थ द्वारा भी निर्धारित होता है। इसके अलावा तथ्य यह भी है कि जीव की प्रकृति स्वार्थी होती है, इसलिए वह अपने स्वार्थ को केंद्र में रखकर स्वार्थ साधने हेतु उसी के अनुरूप आचरण करता है, ऐसे में स्वार्थ पूर्ति के लिए मानव का आचरण भ्रष्ट हो जाता है। समाज को सही दिशा में संचालित करने के लिए समाज में मानवता कायम रखने एवं समाज को असंतुलित होने से बचाने के लिए शिक्षा व्यवस्था में मूल्य शिक्षण के माध्यम से भ्रष्ट आचरण के दुष्परिणामों पर चर्चा करके बालकों में कम उम्र से ही जागरूकता लाना आवश्यक हो गया है। सही शिक्षा मिलने पर परंपरागत रूप से भ्रष्ट आचरण को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में विचरण करने से रोका जा सकता है। अतः मूल्य शिक्षा जैसे अनिवार्य शिक्षा को समाज को संतुलित करने का सशक्त साधन माना जा सकता है।

मानव सभ्यता को सुचारू रूप से चलाने के लिए, समाज में मानवता और सद्भाव लाने के लिए धर्म का उद्भव हुआ। ईश्वर का भय दिखाकर धर्म की आड़ में कुछ ऐसे नियमों को बनाया गया जिससे कि इंसान में मानवता, सद्भावना, नैतिकता और सहिष्णुता जैसे तत्वों का विकास हो अन्यथा सृष्टि के बनाए स्वार्थपरक विधान से मानव सभ्यता का विकसित होना मुश्किल था। यह सफल व्यवस्था काफी कारगर भी साबित हुई किंतु जितने मस्तिष्क, उतने विचार होने के कारण हर पल नयी–नयी विचारधारा बनने और बिगड़ने लगे। नाना प्रकार के विचारधाराओं के अस्तित्व के कारण ही विभिन्न धर्मों का उद्भव हो सका। विश्व के विश्व में तरह-तरह के विचारधाराओं, मान्यताओं तथा धर्मों के फलने-फूलने के कारण समाज में धार्मिक विषमता का संचार हुआ। हर धर्म अपने को दूसरे धर्म से श्रेष्ठ मानता है तथा अपने अनुयायियों को भी यह मानने के लिए बाध्य करता है। "मैं भी श्रेष्ठ हूं" तथा "मैं ही श्रेष्ठ हूं" इन दो वाक्यों में एक में विश्वास है तो दूसरे में अहंकार है। "मैं ही श्रेष्ठ हूँ" वाले अहंकार से धार्मिक असहिष्णुता जन्म लेती है। यही धार्मिक असहिष्णुता तथा धार्गिक कट्टरता समग्र भारत में दिखाई दे रही है, नफरत के इस वातावरण की अग्नि इतनी तेज हो गई है कि आए दिन देश के किसी न किसी कोने में धार्मिक उन्माद की घटना दिखाई दे जाती है, समाचार चैनलों की बहस गरीब की थाली और किसान आत्महत्या से हटकर मंदिर मस्जिद पर आकर थम गई है। ऐसी विषम परिस्थिति में कक्षा में पढ़ाया गया सर्वधर्म समभाव का पाठ याद आता है जिसमें सभी धर्मों की समानता की बात सिखाई गई थी,आपसी सद्भाव की शिक्षा भी दी गई थी यह नैतिक पाठ आज के प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में कहाँ नदारद हो गया? क्या

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

इस विषय पर विचार करना हर एक भारतीय की नैतिक जिम्मेदारी नहीं है? दस लोगों के परिवार को एक सूत्र में बाँधकर रखने का कार्य यही नैतिक शिक्षा करती है, अन्यथा दस के दसों, दस दिशा में चलेंगे। ठीक इसी प्रकार एक सौ पच्चीस करोड़ आबादी वाले इस देश को एक विचार में बांधने तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे के रंग में रंगने के लिए नैतिक शिक्षा आवश्यक है जिसे स्कूली पाठ्यक्रम के माध्यम से बचपन से ही घूँट-घूँट करके बच्चों की रक्त वाहिनी में भरना पड़ेगा।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि आज समय की मांग व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा में परिवर्तन की आवश्यकता है। क्योंकि, देश में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में रोज परिवर्तन हो रहे हैं जिसके फलस्वरूप नई समस्याएं भी सामने आ रही हैं। अतः उनका भली-भांति परीक्षण कर शिक्षा नीति का भी पुनःनिर्माण जरूरी हो गया है। हमें देखना होगा कि जिन कारणों से समाज में विकृतियां बढ़ रही हैं उन कारणों को रेखांकित कर उन्हें शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में समाहित किया जाना चाहिए। इसके लिए निम्नलिखित सुझाव अपेक्षित हैं –

(१) शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रेम, सद्भावना, आदर, सहिष्णुता, अनुशासन व समूह में रहने की भावना को विकसित किया जाना चाहिए।

(२) शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का संचार किया जाना चाहिए।

(३) कला, शिक्षा, संगीत, नृत्य आदि के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास किया जाना जरूरी है।

(४) शिक्षा द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रेम की भावना को विकसित करना भी आवश्यक है।

(५) साहित्य और संस्कृति द्वारा विद्यार्थियों में निर्भीकता व चिंतन-मनन के भाव को भी बढ़ावा देना चाहिए।

(६) शिक्षा द्वारा विद्यार्थियों में कर्तव्य पालन की भावना को भी जागृत करना चाहिए।

(७) शिक्षा द्वारा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने की भावना को भी उदित करना चाहिए।

(८) नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को अपने अंदर समाहित करने हेतु विद्यार्थियों को अपने विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग बनना चाहिए।

(९) सामाजिक, नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों के साथ उचित भाषा का भी प्रयोग शिक्षा में समाहित होना चाहिए।

(१०) शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों में हर एक काम के प्रति समानता का दृष्टिकोण विकसित होना चाहिए ताकि वह किसी भी कार्य को छोटा ना समझें।

इन सभी के साथ आज की युवा पीढ़ी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह है कि समाज की बदलती हुई आवश्यकताओं के अनुरूप नित नए आने वाले व्यवसायी पाठ्यक्रम के साथ नैतिक शिक्षा का सामंजस्य स्थापित करना।

Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

## परिशिष्ठः


(१) डॉ. नगेन्द्र – विचार और विश्लेषण

(२) आर. के. मुखर्जी – द सोशल स्ट्रक्चर ऑफ वैल्यूज

(३) डॉ. विमलकुमार – आलोचना, अक्तूबर-दिसंबर अंक – ६७

(४) एंगेल वूडक्लिफः प्रोडक्शन एन्ड ऑप्टीमल डिसिशन

(५) रामधारी सिंह दिनकर – आधुनिक बोध, पृष्ठ – ४८६

(६) बृहत प्रामाणिक हिन्दी कोश – आचार्य रामचन्द्र वर्मा


(७) शिक्षा – विकिपीडिया जालपृष्ठ


Certified as
TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.

DNYANVARDHINI TRUST'S

# Sonubhau Baswant College of Arts & Commerce, Shahapur



Certificate No: WGW4TE-CE0000162

## CERTIFICATE

## NATIONAL WEBINAR WORKSHOP

Mr./Ms./ Dr./ **Mithilesh Sharma** (Head,Department of Hindi. R . J.College, Mumbai) was present as a **Resource Person** on 28th April, 2020 for the National Webinar Workshop On -

**शोध: स्वरूप एवं प्रक्रिया**

organized by the Department of Hindi, Hindi Research Centre and IQAC S. B. College Of Arts and Commerce, Shahapur, Dist. Thane – 421601

He / She Actively participated in discussion prescribed by the National Webinar Workshop.

**Dr. Anil Singh** — Cordinator

**Prof. S. L. Gaikwad** — Co-Cordinator

**Dr. V. H. Fulzele** — Principal

Certified as TRUE COPY

Principal
Ramniranjan Jhunjhunwala College,
Ghatkopar (W), Mumbai-400086.